## नगर निगम रोहतक की दिनांक 09.06.2014 को हुईं सामान्य बैठक की कार्यवाही रिपोंट

आज दिनांक 09.06.2014 को सांय 05:00 बजे बैठक हाल, प्रथम तल, जिला विकास भवन, रोहतक में श्रीमती रेनू, मेयर, नगर निगम रोहतक की अध्यक्षता में नगर निगम की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. श्री राजबीर, सदस्य वार्ड नं0-1, नगर निगम, रोहतक।
2. श्रीमती ममता रानी, सदस्य वार्ड नं0-2, नगर निगम, रोहतक।
3. श्रीमती सुशीला इंदौरा, सदस्य वार्ड नं0-3, नगर निगम, रोहतक।
4. श्री सूरजमल, सदस्य वार्ड नं0-5, नगर निगम, रोहतक।
5. श्रीमती मंजू, सदस्य वार्ड नं0-6 एवं वरिष्ठ उप-मेयर, नगर निगम, रोहतक।
6. श्रीमती सरिता, सदस्य वार्ड नं0-7, नगर निगम, रोहतक।
7. श्रीमती उपासना देवी, सदस्य वार्ड नं0-8, नगर निगम, रोहतक।
8. श्री बलराज सिंह, सदस्य वार्ड नं0-9, नगर निगम, रोहतक।
9. श्री अशोक कुमार, सदस्य वार्ड नं0-10, नगर निगम, रोहतक।
10. श्रीमती अनिता मिगलानी, सदस्य वार्ड नं0-11, नगर निगम, रोहतक।
11. श्री गुलशन ईशपुनियानी, सदस्य वार्ड नं0-12, नगर निगम, रोहतक।
12. श्री संजय, सदस्य वार्ड नं0-13, नगर निगम, रोहतक।
13. श्रीमती नीरा, सदस्य वार्ड नं0-14, नगर निगम, रोहतक।
14. श्री अजय कुमार जैन, सदस्य वार्ड नं0-15, नगर निगम, रोहतक।
15. श्री अशोक कुमार, सदस्य वार्ड नं0-16 एवं उप-मेयर, नगर निगम, रोहतक।
16. श्री जयकिशन, सदस्य वार्ड नं0-17, नगर निगम, रोहतक।
17. श्रीमती पूनम, सदस्य वार्ड नं0-18, नगर निगम, रोहतक।
18. श्री अनिल, सदस्य वार्ड नं0-19, नगर निगम, रोहतक।
19. श्रीमती लक्ष्मी, सदस्य वार्ड नं0-20, नगर निगम, रोहतक।

सर्वप्रथम मेयर नगर निगम द्वारा सभी उपस्थित पार्षदों, आयुक्त नगर निगम रोहतक तथा नगर निगम अधिकारियों/कर्मचारियों का बैठक में भाग लेने पर स्वागत किया। तत्पश्चात पार्षदों द्वारा एजेंडा मे वर्णित मदों पर क्रमवार चर्चा करके निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-

| मद संख्या | एजेंडा | निर्णय |
|---|---|---|
| 1. | पूर्व में 19.02.2014 को सामान्य बैठक के एजेंडे में लिखित बिन्दूओं पर हुई कार्यवाही की पुष्टि करने पश्चात ही इस एजेंडे पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। | दिनांक 19.02.2014 को हुई सामान्य बैठक की कार्यवाही पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट की प्रति सभी पार्षदों को भेज दी गई थी। किसी भी पार्षद द्वारा कार्रवाई रिपोर्ट पर आपत्ति एवं सुझाव ना देने के फलस्वरूप सदन द्वारा दिनांक 19.02.2014 को हुई बैठक की पुष्टि की गई। |
| 2. | नगर निगम रोहतक द्वारा बिल्डिंग बाई लॉज 1982 के अनुसार जिस प्लाट को दो या दो से अधिक भागों में विभाजित कर रखा होता है- उसके भवन प्लान को अस्वीकृत कर दिया जाता है। नगर निगम नियमित कालोनियों में निवासी द्वारा अपनी आवश्यकता के आधार पर अपने मकान या प्लाट का हिस्सा बेच दिया जाता है। हरियाणा म्यूनिसिपल बिल्डिंग बाई लॉज 1982 के सब बाई लॉज 13-3 (a) में नगर निगम की स्वीकृति से प्लाट के एक डिवीजन की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। अतः सदन यदि सहमत हो तो नगर निगम क्षेत्र में किसी भवन या प्लाट के हिस्से कर रखे हो जिनका कम-से-कम क्षेत्रफल 85 वर्ग मी0 तथा स्लम क्षेत्र, कमजोर वर्ग की कालोनियों में कम-से-कम क्षेत्रफल 50 वर्ग मी0 होना चाहिए। स्लम क्षेत्रों में अब यह क्षेत्रफल 20 से 25 वर्ग मी0 है। अतः सदन की स्वीकृति हेतु। | स्वीकृत है। सहायक नगर योजनाकार,नगर निगम, रोहतक कार्रवाई करें। |
| 3. | नगर निगम की गत बैठक 19.2.2014 में 27 वाणिज्यिक सडको की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परन्तु कार्रवाई रिर्पोट में वाणिज्यिक सड़कों का केस सरकार को भेजने के लिए लिखा गया। वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आदेश दिनांक 16.8.2011 के अनुसार नगर निगम वाणिज्यिक सडको को स्वीकृत करने में सक्षम है। अतः सदन की स्वीकृति हेतु। | इस संदर्भ में सहायक नगर योजनाकार, नगर निगम, रोहतक निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त करके सदन की आगामी बैठक में रखे। |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | सैक्टर 36-ए में दी हरियाणा को.प्रो.हाउस बिल्डिंग सोसायटी लि. अपनी भूमि जिसका खसरा न. 7348 (0-8) 7357 (3-17) व 7371 (3-10) कुल रकबा 7 बिघे 15 बिसवे= 4.843 एकड़ भूमि की टी.पी. स्कीम स्वीकृत करवाना चाहते है। इनके प्रार्थना पत्र पर केस की जांच पड़ताल की गई तथा L.A.O. Urban Estate, Rohtak, DT.P. Rohtak की रिर्पोट व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत इन्तकाल व सजरा अनुसार यह भूमि अधिग्रहण से छूटी हुई है तथा विकास प्लान रोहतक 2021 के अनुसार Residential Zone में पडती है तथा मौके पर खाली है। हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट 1994 की धारा 267 (1) के अनुसार टी.पी. स्कीम पर विचार से पूर्व प्रस्तावित भूमि को Unbuilt Area घोषित करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अन्तर्गत इस केस को नियमानुसार पाया गया। अतः इस पर विचार उपरान्त यदि अनुमति हो तो सरकार को केस हरियाणा म्यूनिसिपल एक्ट 1994 की धारा 267 (1) के तहत Unbuilt Area घोषित करने के लिए सरकार के विचार के लिए अपनी सहमति सहित भेजने का प्रस्ताव सदन में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है। | सहायक नगर योजनाकार, नगर निगम रोहतक इस संदर्भ में संक्षिप्त नोट बनाकर सभी पार्षदों को भेजें तथा केस को सदन की आगामी बैठक में रखा जाये। |
| 5. | नगर निगम, रोहतक क्षेत्र में पुराने एवं नये भवनो में विभिन्न श्रेणियो की व्यवसायिक गतिविधियो के लिए नगर निगम, रोहतक द्वारा व्यवसायिक लाईसेंस जारी करने के लिए Building Complition/Occupation Certificate के प्रावधान बारे।<br><br>नगर निगम, रोहतक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नगर निगम अधिनियम-1994 की धारा 330,331,335 व 336 के आधीन नगर निगम से व्यवसायिक लाईसेंस लेना अनिवार्य है। परन्तु नगर निगम, रोहतक के गठन से पूर्व पुराने शहर व नए शहर क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों के व्यापारिक प्रतिष्ठान रिहायशी व व्यवसायिक भवनों में चल रहे है। पुराने भवनों मालिको के पास Building Complition/Occupation Certificate उपलब्ध नही है। किसी भी भवन को व्यवसायिक प्रयोग के लिए भवन पूर्ण/अधिकृत प्रमाण प्राप्त करना एक जरूरत है, परन्तु पुरानें भवनों में व्यवसायिक गतिविधियां चलाने के लिए इस दस्तावेज को उपलब्ध करने के लिए कठिनाई होती है। अतः वर्तमान स्थिति को देखते हुए लाईसैंस जारी करने की प्रकिया सदन के विचारार्थ। | उपरोक्त विषय पर विचार विमर्श उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिया गयाः-<br>(I.) नगर निगम रोहतक में वर्ष 1975 से पूर्व के शामिल क्षेत्र में मिश्रित उपयोग के आधार पर चल रही व्यवसायिक गतिविधियों वाले भवनो से व्यवसायिक संपति शुल्क प्राप्त करके लाईसैस जारी किये जाये।<br>(II.) वर्ष 1975 के बाद से निगम के गठन तक (दिनांक 01.04.2010) शामिल सभी नियमित क्षेत्रों में पुराने भवनों में चल रही व्यवसायिक गतिविधियों/ कारोबार को व्यवसायिक विकास शुल्क एवं व्यवसायिक संपत्तिकर जमा करवाने उपरांत लाईसैस जारी किये जाये।<br>(III.) नगर निगम रोहतक के गठन उपरान्त दिनांक 01.04.2010 के पश्चात् बने नये भवनों पर व्यवसायिक स्वीकृत भवन प्लान एवं Building Complition/Occupation Certificate लेने उपरान्त व्यवसायिक सम्पत्तिकर तथा लाईसेंस फीस लेकर ही लाईसैन्स जारी किये जायें<br>(IV.) उपरोक्त क्रम संख्या 1 से 3 में आने व्यवसायिक कम्पलैक्स, मल्टीप्लैक्स, औद्योगिक भवनों जिन्हे हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 व नगर पालिका अधिनियम,1973 के अर्न्तगत बिल्डिंग बाईलाज से सम्बन्धित विभिन्न धाराओं के नोटिस जारी किए गए है, को नोटिस की पालना किए जाने उपरान्त ही लाईसैन्स जारी किये जावें।<br>(V.) रिहायशी क्षेत्रों में जन साधारण/निवासियों के सामान्य जीवन एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ईकाईयों को व्यवसायिक लाईसैंस/अनुमति प्रदान ना की जाये।<br>***(क्षेत्रीय कराधान अधिकारी नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है।)*** |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | अर्बन हैल्थ सैन्टर व अर्बन पी. एच. सी. भवन का निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाने बारे।<br><br>सिविल सर्जन रोहतक ने रोहतक शहर में अर्बन हैल्थ सैन्टर व अर्बन पी. एच. सी. भवन बनाने के लिए जगह उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया है। भूमि का चयन करने के लिए सिविल सर्जन द्वारा एक कमेटी का गठन भी किया गया। गठित कमेटी ने भिवानी फाटक के पास पालिका कालोनी व कन्हैली रोड पर स्थित मारूती ड्राईविंग स्कूल के पास भूमि का चयन किया है। अतः पालिका कालोनी में खसरा नं0 1973,1974 में से अर्बन पी. एच. सी. के लिए 400 वर्गगज व कन्हैली रोड पर स्थित मारूती ड्राईविंग स्कूल के पास किला नं0 55/9 रकबा 8-0 कनाल मे से 800 वर्गगज अर्बन हैल्थ सैन्टर के लिए भूमि उपलब्ध है।<br><br>अतः नगर निगम, रोहतक की पालिका कालोनी खसरा नं0 1973,1974 में से 400 वर्गगज व कन्हैली में किला नं0 55/9 मे से 800 वर्गगज भूमि अर्बन पी. एच. सी. व अर्बन हैल्थ सैन्टर के लिए मैडिकल विभाग (सिविल सर्जन रोहतक) को देने का प्रस्ताव सदन की बैठक में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है ताकि केस सरकार को भेजा जा सके। | स्वीकृत है।<br><br>इसके अतिरिक्त निम्न स्थानो पर भी शहरी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र/डिस्पैंसरी के निर्माण करने हेतू स्वास्थ्य विभाग को सहमति प्रदान की जाती है :-<br><br>(I.) वार्ड नं0-2 में शास्त्री नगर, हिसार पुल के नीचे।<br><br>(II.) वार्ड नं0-3 में बूढी माता शोरा कोठी, नेहरू कालोनी रोहतक, में नगर निगम की भूमि पर डिस्पैंसरी बनाकर संत कबीर नाम रखा जाये।<br><br>(III.) वार्ड नं0 -4 - टी.बी. हस्पताल परिसर के अन्दर, गोहाना रोड, रोहतक।<br><br>*(भू- अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता I तथा II नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है।)* |
| 6. | ग्राम बोहर में हरिजनों आदि की प्लाटो की भूमि हुड्डा विभाग द्वारा अधिग्रहण करने पर उसके बदले अन्यत्र जगह भूमि देने बारे।<br><br>ग्राम बोहर मेलवान पाना में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा वाटर वर्कस के लिए हरिजनो के प्लाटो की भूमि अधिग्रहण करने के कारण प्लाटधारक प्लाटो से वंचित हो गए है। इस बारे प्लाटधारक सरकार से बार-2 प्रार्थना कर रहे है कि उनके प्लाटो की भूमि अधिग्रहण से मुक्त कर दी जाए या उन्हे अन्यत्र जगह प्लाटो के लिए भूमि अलाट की जाए। प्रशासक हुड्डा ने दिनांक 28.02.2014 को सूचित किया है कि इस विभाग द्वारा इन प्लाटधारको को प्रस्तावित वाटर वर्कस के साथ 4 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई जा सकती है तथा वाटर वर्कस के साथ लगती नगर निगम की 6 एकड़ भूमि इन प्लाटधारको को देने की प्रस्तावना व सहमति हुड्डा विभाग द्वारा मांगी गई है।<br><br>अतः नगर निगम, रोहतक की किला नं0 91//20, 92//17/1 मिन, 16 मिन, 23, 25 मिन, 104//3,4 किते 8 रकबा 49-0 कनाल भूमि देने का प्रस्ताव सदन की बैठक में पास करवा करके स्वीकृति हेतु सरकार को भेजा जाना उचित होगा। | स्वीकृत है।<br><br>*(भू- अधिकारी नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है।)* |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | गाँव गढ़ी बोहर में कुम्हारान समाज के लिए चौपाल/सामुदायिक केन्द्र के निर्माण के लिए भूमि देने बारे।<br>गांव गढ़ी बोहर के कुम्हारान समाज ने प्रार्थना की है कि हमारे समाज के लिए गांव में कोई भी चौपाल/सामुदायिक केन्द्र नही है, जिस कारण यह समाज इस लाभ से वंचित है। ग्राम गढ़ी बोहर में नगर निगम की किला नं0 261/21 में 1000 वर्गगज भूमि पशु हस्पताल के साथ उपलब्ध है। अतः किला नं0 261/21 रकबा 8-0 कनाल मे से केवल 1000 वर्गगज भूमि कुम्हारान समाज के लिए चौपाल बनाने हेतु निर्धारित की जानी उचित होगी।<br>अतः कुम्हारान समाज की मांग को मध्य नजर रखते हुए कुम्हारान समाज को चौपाल बनाने के लिए 1000 वर्गगज भूमि देने की बजाए नगर निगम द्वारा ही नगर निगम की भूमि किला नं0 261//21 रकबा 8-0 कनाल मे से 1000 वर्गगज भूमि पर चौपाल/सामुदायिक केन्द्र बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान करने के लिए सम्बन्धित केस सदन की बैठक में प्रस्तुत है। | स्वीकृत है।<br>*( कार्यकारी अभियंता- I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है।)* |
| 8. | नगर निगम क्षेत्र में वित्त एवं संविदा समिति (F&CC) द्वारा पारित प्रांकलन सदन के सूचनार्थ प्रस्तुत है। सूची निम्नानुसार है:- | सदन को सूचित किया गया। |

| Resolution Number & Date | Name of Work | Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 9/ 19-02-2014 | Const. of metalled road in various streets in Sheetal Nagar Near Shivaji Colony Thana Jhajjar Road, Ward No. 19, Rohtak. | 81.78Lacs |
| 10/ 19-02-2014 | Const. of Big Sport Stadium at Village SunariaKalan, Khurd, Ward No. 20, Rohtak. | 175.30Lacs |
| 11/ 19-02-2014 | Construction of Community Centre in Sheetal Nagar, Vijay Nagar, Ekta Colony, Chhotu Ram Colony, Rajeev Nagar, PreetVihar, Kamla Nagar, Ward No. 18 and 19, Rohtak. | 144.75Lacs |
| 12/ 19-02-2014 | Constructing Shed, Boundary Wall and Barbed Wire Fencing around Land of ShamshanGhat in the Area of Ekta Colony, Sheetal Nagar, Vijay Nagar, Ambedkar Colony and Rajeev Nagar, Ward No. 18 & 19, Rohtak. | 82.00Lacs |
| 13/ 19-02-2014 | Construction of Roads with C.C. Pavement and sides berms with 80 mm thick interlocking vibrated tiles in Sainik Colony (Road No. 1, 3 & 4 (i),) Ward No. 16, Rohtak. | 96.26 Lacs |
| 14/ 19-02-2014 | Construction of Roads with 80mm thick interlocking vibrated tiles in Sainik Colony (Road No. 2, 4 (ii) 5, 6, 7, 8 & 9) Ward No. 16, Rohtak. | 97.23 Lacs |
| 15/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh | 1988752/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | International,Social Service Organization at Jhajjar Road Under bridge Rohtak, 2 set (Ladies & Gents) | |
| | 16/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization Under Hissar ROB Shyam Colony, W.no. 2 = 2 set (Ladies & Gents) | 1988752/- |
| | 17/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Main Park in DLF colony, W.No. 12 = 2 set (Ladies & Gents) | 450000/- |
| | 18/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Park near community Centre in Gandhi camp, W.no. 12 = 2 set (Ladies & Gents) | 779406/- |
| | 19/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Outer Quilla Road, W.No. 14 = 2 set (Ladies & Gents) | 1988752/- |
| | 20/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Old Bus Stand Rohtak | 1988752/- |
| | 21/21-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Jagdish Colony Park - 2 Seat+ 4 urinal | 450000/- |
| | 22/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Harijan Basti Farain Pana Baliyana W.No. 8 = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 23/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Balmiki Basti Bohar wala Rasta Baliyana W.no. 8 = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 24/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Village Sunariya kalan 1= 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 25/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Village Sunariya Khurd 1 = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 26/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Village Kanheli = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 27/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Harijan Basti, village Kanheli = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 28/26-02-2014 | Construction of Public Toilet through M/s Sulabh International,Social Service Organization at Village Pahrawar = 2 set (Ladies & Gents) | 958026/- |
| | 29/21-02-2014 | Development of Park Near Animal Hospital in village Bohar, Ward No. 7, Rohtak. | 96.00 Lacs |
| | 30/02-06-2014 | P & F Interlocking paver block (Vibrated) in InderPrasth | 62.91 Lacs |

| | | |
|---|---|---|
| | Colony, W.no. 6, Rohtak | |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Surya Nagar Part-II, W.no.1, Rohtak | 78.48 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Rajiv nagar, W.no.3 & 4 Rohtak | 221.31 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Barsi Nagar, W.no.1 & 3 Rohtak | 106.57 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Nehru Colony, W.no. 1, Rohtak | 97.94 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Friends Colony, W.no. 7, Rohtak | 84.85 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in AsthalBohar Colony, W.no. 7, Rohtak | 72.35 Lacs |
| 30/02-06-2014 | Const. of Internal Streets in Shastri Nagar, W.no. 2, Rohtak | 125.91 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Chhotu Ram Colony, Ward No. 18, Rohtak. | 77.69 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Community Centre at Village Sunaria Khurd Ward No. 20 under Municipal Corporation, Rohtak. | 144.75 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Community Centre (Kabir Dharmashalla) at Village Sunaria Kalan Ward No. 20 under Municipal Corporation, Rohtak. | 55.64 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Community Centre at Pana Mehtaan, Village Sunaria, Ward No. 20 under Municipal Corporation, Rohtak. | 61.25 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Community Centre at Village Sunaria Kalan Ward No. 20 under Municipal Corporation, Rohtak. | 144.75 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Press Club Hall and Rooms at Rohtak | 162.19 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in J.P Colony, Ward No. 16, Rohtak | 240.08 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Sher Vihar Colony, Ward No. 16, Rohtak | 147.29 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Basti Kutana, Part-I,II,III, Ward No. 16, Rohtak | 91.42 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in New Vijay Nagar, Ward No. 19, Rohtak | 165.92 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Sheetal Nagar, Ward No. 19, Rohtak | 239.68 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Ajit Colony, Ward No. 20, Rohtak | 102.56 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Amrit Colon Part-I, Ward No. 20, Rohtak. | 133.61 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Internal Streets in Ram Nagar, Ward No. 20, Rohtak | 93.48 Lacs |
| 31/04-06-2014 | Const. of Big Sports Stadium at Village Pehrawar under Municipal Corporation, Rohtak. | 175.30 Lacs |
| 32/04-06-2014 | Cost. of Bhagwan Balmiki community center at Bohar wala Rasta, Village Baliyana, Rohtak. | 55.75 Lacs |
| 32/04-06-2014 | Construction of community center near Mata Darwaja pond, Rohtak (Haryana) | 156.00 Lacs |
| 32/04-06-2014 | Construction of Dada vishada Community Center at Village | 50.85 Lacs |

| | | |
|---|---|---|
| | 32/04-06-2014 — Baliyana, Rohtak. (Civil Works) Construction of Community Center in Dhanak Chaupal at Village Baliyana, Rohtak. (Civil Works) — 55.60 Lacs | |
| 9. | एजेंडा में वर्णित सभी बिन्दूओं पर चर्चा उपरांत अध्यक्ष महोद्या की अनुमति से निम्नलिखित मदो को प्रस्तुत किया गयाः- | |
| | (i)सलारा मोहल्ला में प्राईमरी स्कूल का भवन बनाने बारे। | (i) सलारा मोहल्ला में जनहित में नगर निगम की खसरा नं0 6807,6808 कुल रकबा 9 कनाल 15 मरले मे से 4-0 कनाल भूमि पर नगर निगम फंड से प्राईमरी स्कूल का भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। कार्यकारी अभियंता-। दिनांक 30.07.2014 से पूर्व टैण्डर लगाकर निर्माण आरम्भ करवाना सुनिश्चित करें। *(कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (ii)पार्षदों को टोल प्लाजा में छूट देने बारे। | (ii) पार्षदों को टोल टैक्स (Transit Tax) में छूट देने के लिए हरियाणा सरकार को केस भेजा जाये। *(कार्यालय अधीक्षक नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (iii) पार्षद वार्ड नं0 14 ने सदन को अवगत करवाया कि मेयर नगर निगम ने केवल अपने वार्ड में वाटर कूलर लगवाने बारे कार्रवाई की है। जनहित में सभी वार्डो में सार्वजनिक स्थलो पर वाटर कूलर लगाए जाएं। | (iii) सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर निगम रोहतक के सभी वार्डो में नगर निगम फंड से पार्षद द्वारा चिन्हित सार्वजनिक स्थल पर वाटर कूलर लगवाने हेतू स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस वाटर कूलर का बिजली बिल एवं रख रखाव पार्षद द्वारा करवाया जाऐगा। *(कार्यकारी अभियंता-I तथा II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (iv)शास्त्री नगर में स्कूल के कमरे बनाने बारे। | (iv) वार्ड नं0 2 पार्षदा की प्रस्तावना अनुसार शास्त्री नगर स्कूल में नगर निगम फंड से कमरे का निर्माण करवाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। कार्यकारी अभियंता-। दिनांक 30.07.2014 से पूर्व टैण्डर लगाकर निर्माण आरम्भ करवाना सुनिश्चित करें। *(कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (v)जगदीश कालोनी के नेहरा पार्क का नाम राजीव पार्क रखने बारे। | (v) वार्ड नं0 16 के पार्षद की प्रस्तावना अनुसार जगदीश कालोनी के नेहरा पार्क का नाम राजीव पार्क रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। *(कार्यकारी अभियंता-II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (vi)वार्ड 13 के पार्षद ने अनुरोध किया कि सांईदास कालोनी, अशोक नगर, भगतसिंह कालोनी,संजय नगर, सैनी कालोनी में पानी की समस्या के निदान हेतू प्रेमनगर चौक पर स्थित पार्क में बूस्टिंग स्टेशन बनाया जाये। | (vi) स्वीकार है। प्रेमनगर चौक पर स्थित पार्क की भूमि पर बूस्टिंग स्टेशन बनाने हेतू स्वीकृति प्रदान की जाती है। अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग इस बारे शीघ्र कार्रवाई करें। *(अधीक्षक अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग , कार्यकारी अभियंता-I, तथा भू अधिकारी, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |

| | | |
|---|---|---|
| | (vii)गलियों में सुरक्षा की दृष्टि से लोहे के गेट लगाने बारे। | (vii) नगर निगम रोहतक क्षेत्र में स्थित गलियों में लोहे के गेट लगाने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा जारी नीति को अपनाया (Adopt) किया जाता है।<br>*(कार्यकारी अभियंता-I तथा II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (viii)जगदीश कालोनी के रोड का नाम प्रभुतानंद मार्ग रखने बारे। | (viii) वार्ड नं0 12 के पार्षद की प्रस्तावना अनुसार जगदीश कालोनी में अनिल गिरधर के मकान से आर.के.खनगवाल के मकान तक सड़क का नाम प्रभुतानंद मार्ग रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।<br>*(कार्यकारी अभियंता-II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (ix) चिन्योट कालोनी विजय पार्क का नाम अमित मिगलानी पार्क रखने बारे। | (ix) वार्ड नं0 12 के पार्षद की प्रस्तावना अनुसार चिन्योट कालोनी विजय पार्क का नाम अमित मिगलानी पार्क रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।<br>*(कार्यकारी अभियंता-II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (x) वार्ड नं0 12 के पार्षद की प्रस्तावना अनुसार भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक खजाना कार्यालय रोहतक के सामने सिविल लाईन सड़क का स्व0 मेजर जनरल जंग शमशेर सिंह नामकरण तथा साईन बोर्ड लगवाने बारे। | (x) स्वीकार है।<br>*( कार्यकारी अभियंता-II, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (xi)शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार हेतू वर्तमान ठेकेदारों के माध्यम से 353 कर्मचारी आबादी अनुसार लगाने बारे। | (xi) शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार हेतू वर्तमान ठेकेदारों के माध्यम से सरकार की नवीनतम हिदायतों के अनुसार 353 कर्मचारी रखने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। ठेका आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार अवकाश की सुविधा भी दी जाये। इस अवकाश अवधि दौरान सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतू भी कर्मचारियों की व्यवस्था की जाये।<br>इसके अतिरिक्त नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रंबधन और हैंडलिंग)नियम, 2000 अनुसार पूरे नगर निगम क्षेत्र में घर-घर से कूडा एकत्रित करते हुए कूडा लिफिटिंग हेतू वाहन एवं उपकरण आदि नगर निगम फंड से खरीद करने बारे नियमानुसार कार्रवाई की जाये ताकि 24X7 फार्मूले अनुसार जनहित में शहर को पूर्ण सफाई की सुविधा प्रदान की जा सके। इस योजना को लागू करने हेतू नगर निगम द्वारा प्रथम चरण में Solid Waste Management Grant के अर्न्तगत पांच टाटा ऐस (Tata Ace ) खरीद कर बतौर पायलट आरम्भ किया जाये।<br>*(वरिष्ठ/मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (xii)अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग(भवन व सडकें) ने अपने पत्र क्रमांक 1160 दिनांक09.06.2014 द्वारा लिखा है कि हाउसिंग बोर्ड से कन्हेली गांव को जाने वाली लगभग 2.5 किलोमीटर सडक नगर निगम रोहतक को हस्तांतरित जाती है तथा इसकी Upgradation एवं रख-रखाव नगर निगम, रोहतक द्वारा किया जाये | (xii) स्वीकार है। इस सडक का नगर निगम फंड से निर्माण अधीक्षक अभियन्ता, नगर निगम, रोहतक द्वारा प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाये।<br>*(अधीक्षक अभियंता, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (xiii)पार्षदों को हरियाणा सरकार के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के समकक्ष मेडिकल सुविधा देने बारे। | (xiii) स्वीकार है। पार्षदों को हरियाणा सरकार के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के समकक्ष मेडिकल सुविधा देने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार से स्वीकृति प्राप्त कर ली जाये।<br>*(कार्यालय अधीक्षक नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |

| | | |
|---|---|---|
| | (xiv)नगर निगम द्वारा पार्को में पूर्व में लगाये झूलों की गुणवत्ता जांच एवं नये झूले लगाये जाने बारे। | (xiv) नगर निगम द्वारा पार्को में लगाये झूलो की गुणवत्ता जांच हेतू वार्ड नं0 1, 12 तथा 15 के पार्षदों तथा अधीक्षक अभियंता, नगर निगम, रोहतक की समिति गठित की जाती है। यह समिति दिनांक 30.06.2014 तक जांच करके रिपोर्ट करेगी। इसके अतिरिक्त यह कमेटी सभी वार्ड पार्षदों से झूलों की आवश्यकता लेकर नए मापदंड निर्धारित करके टैण्डर प्रक्रिया पूर्ण करके दिनांक 30.07.2014 से पूर्व झूले लगवाना भी सुनिश्चित करेगी।<br>*(पार्षद वार्ड नं0 1, 12, 15 तथा अधीक्षक अभियंता, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (xv)वर्कस कमेटी नगर निगम की राशी से अन्य विभागों द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जांच हेतू। | (xv) निगम की राशी से अन्य विभागों तथा निगम द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यो की वित्त एवं संविदा समिति (F&CC) नगर निगम, रोहतक द्वारा गुणवत्ता जांच करवाने का निर्णय लिया गया। दोनों कार्यकारी अभियंताओं को सभी निर्माण कार्यो की सूचि तुरन्त इस कमेंटी को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।<br>*(F&CC, नगर निगम कार्यकारी अभियंता-। तथा ।।, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (xvi) पार्षद वार्ड नं0 1 अनुरोध किया कि संजय कालोनी में उपलब्ध कुष्ठ आश्रम वाली भूमि में से 2.5 एकड जमीन को पार्क के रूप में विकसित किया जाये। | (xvi) स्वीकार है। कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक इस भूमि में नगर निगम के खर्चे पर पार्क विकसित करने के लिए उपायुक्त, रोहतक को लिखें।<br>*(कार्यकारी अभियंता-। तथा भू-अधिकारी नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| 10. | **इसके पश्चात निम्नबिन्दूओ पर पार्षदों द्वारा दी गई प्रस्तावना अनुसार कार्रवाई की गई:-** | |
| | **<u>वार्ड नं0-1 :- (श्री राजबीर सैनी, पार्षद)</u>**<br>(I.) हिसार रोड पर पुल के नीचे पानी निकासी का प्रबन्ध करते समय टूटी हुई सडक को ठीक करवाया जाये। | (I.) कार्यकारी अभियंता (सीवर) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को शीघ्र पानी निकासी का समुचित प्रबंध करते हुए सडक की मुरम्मत करवाने के भी आदेश दिये गये।<br>*(कार्यकारी अभियंता (सीवर) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्रवाई की जानी है।)* |
| | (II.) पैंशन वितरण की समस्या को दूर करने बारे। | (II.) पैंशन वितरण के कार्य को समय पर सुचारू रूप से करने हेतू क्षेत्रीय कराधान अधिकारी संयुक्त आयुक्त नगर निगम, रोहतक की अध्यक्षता में सभी पार्षदों के साथ बैठक करवाकर मामले का निपटान करवाये ताकि आगामी माह का पैंशन वितरण का कार्य ठीक ढंग से किया जा सके।<br>*(क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है।)* |
| | **<u>वार्ड नं0-2 :- (श्रीमति ममता रानी, पार्षद)</u>**<br>(I.) कचरा उठाने के लिए रेहडियों का प्रबंध करने बारे। | (I.) कार्यकारी अभियंता-II ने बताया कि इस कार्य के लिए बनाई गई समिति की सिफारिशों अनुसार रेहडी के नये मापदंड तय किये जाने है। आयुक्त ने निर्देश दिये कि कार्यकारी अभियंता-।।, नगर निगम, रोहतक मापदंड निर्धारित करवाकर दिनांक 20.06.2014 से पूर्व टैण्डर लगाना सुनिश्चित करें।<br>*(कार्यकारी अभियंता-।।, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |

| | | |
|---|---|---|
| | (II.) गढी मोहल्ले में सीवर लाईन बिछाने बारे। | (II.) कार्यकारी अभियंता (सीवर) जनस्वास्थ अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि गढी मोहल्ले में सीवर लाईन बिछाने का कार्य दिनांक 30.06.2014 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।<br>*(कार्यकारी अभियंता (सीवर) जनस्वास्थ अभियांत्रिकी विभागद्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (III.) नरेन्द्र महेन्द्रा स्कूल के नजदीक टूटी सडकों व गड्ढों की मुरम्मत बारे। | (III.) कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम रोहतक ने बताया कि इस कार्य का अनुमान मुख्य अभियंता नगर निगम गुडगावं को भिजवा दिया गया है। अनुमान की स्वीकृति उपरांत शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।<br>*(कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (IV.) शमशान घाट की भूमि से कब्जा हटवाने बारे। | (IV.) भू- अधिकारी, नगर निगम, रोहतक को राजस्व विभाग से निशानदेही लेकर शमशान घाट की भूमि से दिनांक 20.06.2014 तक अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिये।<br>*(भू- अधिकारी, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (V.) गढी मोहल्लें में स्थित सामुदायिक केन्द्र की मुरम्मत करवाकर आंगनबाडी के संचालन बारे। | (V.) कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक ने बताया कि इस सामुदायिक केन्द्र में जल भराव के कारण भवन की हालत जर्जर हो गई है। इसमे सामूदायिक केन्द्र का नवनिर्माण करवाया जाना आवश्यक है। यह निर्माण कार्य एक माह में प्रारंभ कर दिया जायेगा। सदन द्वारा इसमें आंगनवाडी संचालित करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।<br>*(कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (VI.) सीवरों के ढक्कन लगाने के कार्य मे देरी बारे। | (VI.) कार्यकारी अभियंता (सीवर) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सीवर के ढक्कन लगवाने हेतू ठेकेदार के माध्यम से पर्याप्त संख्या में कर्मचारी लगाने के निर्देश दिये।<br>*(कार्यकारी अभियंता (सीवर) जनस्वास्थ अभियांत्रिकी विभागद्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | <u>वार्ड नं0-3 :- (श्रीमति सुशीला इन्दौरा, पार्षद)</u><br>(I.) वार्ड नं0 3 में विकास कार्य प्रारंभ करने बारे। | (I.) कार्यकारी अभियंता -I, नगर निगम, रोहतक ने बताया कि सरकार द्वारा नियमित 34 कालोनियों में से इस वार्ड में आने वाली सभी कालोनियों में किये जाने वाले विकास कार्यो का अनुमान तैयार कर लिये गये है तथा दिनांक 30.07.2014 तक मौके पर कार्य आरम्भ कर दिये जायेंगे।<br>*(कार्यकारी अभियंता-I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |

| | | |
|---|---|---|
| | (II.) गढी मोहल्ले में खुले नाले/नालियों की मुरम्मत/निर्माण एवं स्लैब लगवाने बारे। | (II.) कार्यकारी अभियंता -I, नगर निगम, रोहतक ने बताया गढी मोहल्ले में खुले नाले/नालियों के निर्माण एवं उनपर स्लैब लगवाने हेतू टैण्डर लगा दिया गया है।<br>*(कार्यकारी अभियंता- I, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | **वार्ड नं0-4 :- (श्रीमति रेनू, पार्षद एवं मेयर)** | |
| | (I.) मेयर, वरिष्ठ मेयर तथा उपमेयर के कार्यालय को नगर निगम, रोहतक के मुख्य कार्यालय भवन परिसर में हस्तांतरित करने बारे। | (I.) आयुक्त ने बताया कि सैक्टर 31 में नगर निगम रोहतक के कार्यालय बनाने के लिए हुडा विभाग से भूमि उपलब्ध हो चुकी है। नया भवन बनाने के लिए माह अगस्त 2014 से कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस भवन में नगर निगम की सभी शाखाएं एक ही छत के नीचे कार्य करेंगी।<br>*(अधीक्षक अभियंता , नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
| | (II.) गउशाला बनाने के लिए कार्य प्रारंभ न होना। | (II.) अधीक्षक अभियंता, नगर निगम, रोहतक को गठित कमेटी की रिपोर्ट पर नियमानुसार गउशाला बनाने हेतू दिनांक 20.06.2014 तक प्रस्तावना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।<br>*(अधीक्षक अभियंता, नगर निगम, रोहतक द्वारा कार्रवाई की जानी है)* |
